आदेश

आवेदक सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा साकिन–सुजानपुर पो0–कोडरमा जिला–कोडरमा ने मौजा–सुजानपुर थाना नं0–275 खाता नं0–03 प्लॉट नं0–55 रकवा–0.16 एकड़ अपनी पुत्री क्रेता विनस एलिस लकड़ा पिता–सिरिल लकड़ा साकिन–सुजानपुर पो0–कोडरमा जिला–कोडरमा के नाम बसियतनामा करने की अनुमति का मांग किया है।

अंचल अधिकारी,कोडरमा का पत्रांक–417 दिनांक–21.04.2017 के द्वारा विहित प्रपत्र में जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार आवेदित भूमि मौजा– सुजानपुर थाना नं0–275 खाता नं0–03 प्लॉट नं0–55 रकवा–0.16 एकड़ भूमि आवेदक सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा साकिन–सुजानपुर पो0–कोडरमा थाना वो जिला–कोडरमा को निबंधित केवाला द्वारा खरीदगी से हासिल है। भूमि रैयती खाते की है। आवेदित भूमि की जमाबन्दी पंजी–II के पृष्ठ सं0–73/1 पर आवेदक का नाम दर्ज है। क्रेता एवं विक्रेता दोनों एक हीं जाति,समुदाय एवं एक हीं स्थान के निवासी है। विक्रेता को अनुमति के पश्चात् आवेदक के पास कितनी भूमि बचती है एवं बिक्री के पश्चात् आवेदक भूमिहीन की श्रेणी में आतें है, अथवा नहीं लागू नहीं होता है, अंचल अधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है। भूमि बेचने का आवेदक को पूर्ण अधिकार है।

अभिलेख में विक्रेता एवं क्रेता का आवासीय प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र,केवाला एवं मालगूंजारी रसीद की छाया प्रति संलग्न है। अंचल अधिकारी,कोडरमा द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र संख्या–RES/1801/15/01830 दिनांक–22.05.15 एवं प्रमाण पत्र सं0–3245 दिनांक–22.09.04 के अनुसार क्रमशः सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा एवं विनिस एलिस लकड़ा पिता–सिरिल लकड़ा दोनो ग्राम–सुजानपुर पो0–कोडरमा जिला–कोडरमा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कोडरमा द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संख्या–CST/1801/15/01734 दिनांक–18.05.15 के अनुसार सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा उरांव जाति के सदस्य है। उपायुक्त कार्यालय,कोडरमा द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संख्या–73 दिनांक–18.08.2006 के अनुसार क्रेता विनस एलिस लकड़ा पिता–सिरिल लकड़ा उरांव जाति के सदस्य है। इस प्रकार क्रेता एवं विक्रेता दोनों एक हीं जाति एवं एक हीं स्थान के निवासी है।

अंचल अधिकारी, कोडरमा ने मौजा–सुजानपुर थाना नं0–275 खाता नं0–03 प्लॉट नं0–55 रकवा–0.16 एकड़ भूमि आवेदनकर्त्ता श्री सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा को अपनी सम्पति अपनी पुत्री विनस एलिस लकड़ा को बसियतनामा हेतु स्वीकृति का अनुशंसा किया गया है।

अतःअंचल अधिकारी,कोडरमा के प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आधार पर आवेदित भूमि मौजा–सुजानपुर थाना नं0–275 खाता नं0–03 प्लॉट नं0–55 रकवा–0.16 एकड़ भूमि आवेदक सिरिल लकड़ा पिता–स्व0 सिमोन लकड़ा को अपनी पुत्री विनस एलिस लकड़ा के नाम बसियतनामा करने की अनुमति दी जाती है। आदेश की प्रति जिला अवर निबंधक,कोडरमा एवं अंचल अधिकारी,कोडरमा को भेजें। अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

29/6/17
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
कोडरमा।

29/6/17
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
कोडरमा।

पत्रांक – 578/रा0 दिनांक 08.07.2017 के द्वारा जिला अवर निबंधक कोडरमा एवं अंचल अधिकारी, कोडरमा को सूचनार्थ प्रेषित।

C.C.N. 199 12.7.17